# मंदिर से 15 लाख के गहने चोरी

▸ ग्राम तुलसीपार के दुर्गा मंदिर में हुई वारदात



**बेगमगंज, 27 अक्टूबर. ग्राम तुलसीपार के सुप्रसिद्ध श्री देवी माँ के मंदिर से बीती रात अज्ञात चोर मातारानी के करीब 15 लाख के सोने -चांदी के गहने ले गए. इस वारदात से क्षेत्र में सनसनी फैल गई. पुलिस अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्जकर चोरों की तलाश में जुट गई है.**

चोरी की बड़ी वारदात को लेकर शाम करीब 5 बजे मौके पर पहुंचकर जिला मुख्यालय से आई फॉरेंसिक टीम , एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव एवं थाना प्रभारी राजीव उइके पहुंचे और मौका मुआयना किया. श्रीदुर्गा मंदिर में अज्ञात चोरों ने रात के आखिरी पहर मंदिर का ताला तोड़कर मातारानी की प्रतिमा को पहनाए हुए सोने- चांदी के जेवर एवं ऊपर का चांदी का छत्र इत्यादि चोरी कर ले गए.

सुबह जब मंदिर के पुजारी जगदीश प्रसाद तिवारी मंदिर पहुंचे तो वहां का नजारा देखकर उन्होंने ग्राम सरपंच व अन्य लोगों को बुलाया और मंदिर के अंदर जाकर देखा कि श्रीदुर्गा जी की प्रतिमा से जेवर जिसमें की सोने का एक गले में पहना हुआ हार, एक मंगल सूत्र, एक कमर की करधौनी तथा चांदी के तीन नग छत्र व पैरों में पहनी हुई एक जोड़ी चांदी की पायलें कोई अज्ञात चोर चुरा ले गया है. वारदात की खबर फैलते ही ग्रामीण एकत्रित हो गए और थाना बेगमगंज पहुंचकर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए पुजारी जगदीश प्रसाद तिवारी ने बताया कि वह ग्राम तुलसीपार के राजमंदिर पर रहते हैं तथा ग्राम तुलसीपार के तीनों मंदिरों की पूजा पाठ व पुजारी का काम पिछले 15-20 साल से कर रहे हैं. 26 अक्टूबर शाम करीब 07.30 बजे मंदिर की पूजा पाठ कर गेट पर ताला लगाकर चले गए थे. सोमवार सुबह 6 बजे जब मंदिर में पूजा पाठ करने पहुंचे तो उक्त प्रतिमा से गहने गायब थे. मातारानी के करीब 10 लाख के गहने एवं अन्य सामान चोरी गया है. ग्रामीणों ने पुलिस से मांग की है कि अज्ञात चोरों का शीघ्र पर्दाफाश किया जाए वहीं करीब के ग्राम जरुआ में घूम रहे चार संदिग्ध लोगों को पुलिस पूछताछ के लिए लेकर आई है. चोरी की वारदात की रिपोर्ट मंदिर पुजारी जगदीश प्रसाद तिवारी एवं सरपंच राजकुमार गौर द्वारा आकर की गई है. जिन्होंने बताया कि करीब 10 से ऊपर के सोने - चांदी के गहने एवं अन्य सामान चोरी गया है. एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि घटना स्थल का बारीकी से मौका मुआयना फॉरेंसिक टीम के साथ किया है. कुछ संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है. मामले का खुलासा शीघ्र हो जाएगा.

# अब दशहरा मैदान में होगी धान की खरीदी

## नंबर वाले बोर्ड से लगेंगी ट्रॉलियां, जाम से राहत, टोकन सिस्टम भी शुरू

**रायसेन, 27 अक्टूबर. रायसेन में धान की बढ़ती आवक को देखते हुए दशहरा मैदान को इस साल भी अस्थाई मंडी बनाया गया है। किसानों की सुविधा और जाम की स्थिति से बचने के लिए इस बार कुछ नई व्यवस्थाएं लागू की गई हैं.**



इन व्यवस्थाओं के तहत मैदान में लोहे के बोर्ड लगाकर उन पर एक से सात तक नंबर अंकित किए गए हैं. किसान अपनी धान की ट्रॉलियों को नंबर एक से लाइन में लगाएंगे, जिसके बाद व्यवस्थित तरीके से एक के पीछे एक ट्रॉलियां खड़ी की जा सकेंगी. मंडी सचिव वीरेंद्र ठाकुर की मौजूदगी में ये बोर्ड लगाए गए हैं.

सचिव ने बताया कि इन बोर्ड के लगने से किसान ट्रॉलियों को व्यवस्थित ढंग से खड़ा कर पाएंगे. इससे लाइन के बीच में कोई भी किसान अपनी ट्रॉली खड़ी नहीं कर सकेगा, जिससे व्यवस्थाएं नहीं बिगड़ेंगी और नीलामी सुगमता से हो सकेगी. साथ ही, कोई भी व्यक्ति जगह रोककर किसानों से पैसे लेकर ट्रॉलियां खड़ी नहीं करवा पाएगा.

इसके अतिरिक्त, एसडीएम मनीष शर्मा के निर्देश पर इस साल टोकन सिस्टम भी लागू किया गया है. दशहरा मैदान पहुंचने वाले प्रत्येक किसान को पहले टोकन लेना होगा, जिसके आधार पर ही वह अपनी ट्रॉली खड़ी कर पाएगा.

उल्लेखनीय है कि धान की बंपर आवक के कारण दशहरे मैदान में अक्सर 800 से 1000 ट्रॉलियां पहुंचती हैं. पहले अधिकतर किसान सड़क पर ही अपनी ट्रॉलियां पार्क कर देते थे, जिससे दशहरे मैदान के आसपास स्थित स्कूलों और जिला शिक्षा विभाग कार्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों को काफी परेशानी होती थी. नई व्यवस्थाओं से ट्रॉलियों को व्यवस्थित तरीके से खड़ा किया जा सकेगा, जिससे जाम की समस्या कम होगी और मंडी संचालन में पारदर्शिता आएगी.



# उदयपुरा में विष्णु महापुराण कथा का हुआ शुभारंभ

**उदयपुरा, 27 अक्टूबर. नगर के लक्ष्मी चौक स्थित शक्ति माता मंदिर प्रांगण में महिला मंडल द्वारा श्रीमद् विष्णु महापुराण का आयोजन कराया जा रहा है.**

जिसकी भव्य कलश यात्रा शक्ति माता मंदिर से प्रारंभ होकर किराना मार्केट गल्ला बाजार, खारा कुआं, एवं तलपुरा से होती हुई पुन: शक्ति माता मंदिर पर पहुंची. प्रथम दिवस भव्य शोभायात्रा निकालने के पश्चात कथावाचक पंडित कैलाश शास्त्री के मुखारविंद से कथा आयोजित की जा रही है. कथा प्रतिदिन दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक चलेगी. समिति ने सात दिवसीय विष्णु महापुराण कथा में सभी धर्म प्रेमी जनों से अधिक से अधिक संख्या में पधारने की अपील की है.

## 18 वर्ष से बन रहा मुक्तिधाम आज भी अधूरा

**बाड़ी, 27 अक्टूबर.** ग्राम पंचायत गेहलपुर पंचायत में विकास का बजट लाखों में है लेकिन जमीन पर विकास दिखाई नहीं दे रहा है, शौचालय, आवास से लेकर सड़क निर्माण और मुक्तिधाम की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं. गेहलपुर का मुक्तिधाम आज भी दुर्दशा का शिकार है. यहां प्लेटफॉर्म को बने 18 वर्ष बीत चुके हैं, अब ऊपर एंगल डाले जा रहे पीली मिट्टी डालकर छोटी सड़क बनाई जा रही है, लेकिन 18 साल में भी मुक्तिधाम का निर्माण अधूरा है. बारिश के दौरान ग्रामीणों को शवों के अंतिम संस्कार में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है.

### इनका कहना

कल ही इंजीनियर को भेज कर उसकी रिपोर्ट मंगवाता हूं . जल्द से जल्द समस्या का समाधान किया जाएगा.

**- दानिश खान,** सीईओ
जनपद पंचायत बाड़ी

# बेगमगंज में 500 ट्रैक्टर -ट्रॉलियों में लगाई रेडियम पट्टी

▸ दुर्घटनाओं को रोकने चलाया रेडियम लगाओ अभियान

**बेगमगंज, 27 अक्टूबर. जिला प्रशासन कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक के आह्वान पर सोमवार को कृषि उपज मंडी प्रांगण सहित नगर में कृषि मंडी भारसाधक अधिकारी व एसडीएम सौरभ मिश्रा, एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव, तहसीलदार प्रमोद उइके, थाना प्रभारी राजीव उइके एवं मंडी सचिव अनुराग रघुवंशी के द्वारा सयुक्त अभियान में वाहन दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य से कृषि मंडी प्रांगण में अपना अनाज बेचने आए किसानों के ट्रैक्टर -ट्रॉलियों में रेडियम पट्टी लगाने का अभियान शुरू किया गया.**



टॉरगेट के अनुसार करीब 500 ट्रॉलियों में रेडियम पट्टी लगाई गई है. एसडीओपी आलोक श्रीवास्तव ने किसानों एवं वाहन चालकों को संबोधित करते हुए कहाकि मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार ट्रैक्टर के साथ ट्रॉली का भी रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है, लेकिन हम नहीं कराते हैं, जो जोखिम भरा है और अन्य वाहनों के समान इनमें भी लाइट एवं बीमा होना जरूरी है. अगर आप लोगों ने नहीं कराया है तो कम से कम रेडियम पट्टी लगाएं, ताकि किसी की जान बचाने का एक नेक काम कर सकें. यदि आपके इस प्रयास से दुर्घटना में 10 लोगों की भी जान बच गई तो आपका जीवन सफल हो गया. इसलिए आज से ही आप स्वयं रेडियम पट्टी लगाएं और अपने गांव में दूसरों के वाहनों में भी लगवाने के लिए पहल करें.

एसडीएम मिश्रा ने किसानों को बताया कि मंडी गेट के बाहर अब वो ही ट्रैक्टर - ट्रॉली निकलेगी, जिस पर रेडियम पट्टी का संकेतक लगा होगा. हर किसान को मंडी की तरफ से निशुल्क रेडियम पट्टी लगाई जा रही है और मंडी गेट पर भी निशुल्क पट्टी आपको मिलेगी. इसलिए इसका लाभ उठाएं. मंडी में अपनी फसल कम समय में बेचकर खुशी -खुशी जाते है और अगर इस बीच रास्ते में रात के समय कोई बाइक चालक का रेडियम संकेतक नहीं होने से ट्रैक्टर -ट्रॉली से दुर्घटना हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा. आज से बिना रेडियम पट्टी लगे वाहनों को मंडी गेट के अंदर प्रवेश नहीं मिलेगा.

## एक नजर में



### अल्पविराम की कार्यशाला से जीवन में आया बदलाव

**रायसेन, 27 अक्टूबर .** मेरे लिए अल्पविराम की कार्यशाला जीवन बदलने वाली रही ।मेरा स्वभाव घरवालों के प्रति काफी खराब था, मैं किसी की नहीं सुनता था, उल्टा घर का बड़ों को सुना देता रह . इस प्रशिक्षण मुझे अपनी गलतियां नजर आई . अब में इसमें सुधार लाऊंगा, ये शब्द जिला पंचायत में आयोजित अल्पविराम की कार्यशाला में शामिल प्रतिभागी गणेश नायक के थे . जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित सांची ब्लॉक की एक दिवसीय परिचय कार्यशाला में विभिन्न विभागों के 50 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए . जिन्होंने अल्पविराम के माध्यम से स्वयं से मुलाकात की . राज्य आनंद संस्थान द्वारा प्रदेश के सभी 313 ब्लॉक में एक दिवसीय अल्पविराम की कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है, इसी कड़ी में सांची ब्लॉक से जिले में कार्यशाला की शुरुआत हुई . प्रतिभागियों ने कार्यशाला को जीवन उपयोगी बताया . कार्यशाला में नगरपालिका, पुलिस, महिला बाल विकास, जन अभियान परिषद आदि विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया . कार्यक्रम का आयोजन एवं समन्वय जन अभियान परिषद द्वारा किया गया . कार्यक्रम का शुभारंभ में राज्य आनंद संस्थान के परिचय व उसके कार्यक्रमों का वीडियो दिखाया . कार्यक्रम का संयोजन आनंद विभाग के मास्टर रामकेश टेकाम, अनिल राय एवं आनंदम ने विभिन्न सत्र के माध्यम से स्वयं से मुलाकात की प्रक्रिया स्पष्ट की . अनिल राय ने आनंद की ओर सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों से उनके जीवन का उद्देश्य, आनंद की स्पष्टता के साथ आनंद के घटने और बढ़ने के कारणों पर प्रतिभागियों के अनुभव सुने . रामकेश टेकाम ने जीवन का लेखा-जोखा के माध्यम से मदद के महत्व पर अपने अनुभव साझा किए . आनंद विभाग से जिला संपर्क व्यक्ति एवं मास्टर ट्रेनर ने खुद से संपर्क एवं सुधार की प्रक्रिया को रुचिपूर्ण तरीके से समझाया . कार्यक्रम में आनंदम सहयोगी राधा राय, जन अभियान के ब्लॉक समन्वयक आनंद नेमा, संतोष राय ने विशेष सहयोग किया .



### विधायक सबनानी ने खिलाड़ियों का किया उत्साहवर्धन

भोपाल, 27 अक्टूबर . विधायक भगवानदास सबनानी ने सोमवार को दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के तात्या टोपे स्टेडियम में आयोजित नेशनल टारगेट बॉल प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए एवं खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया .इस दौरान महापौर मालती राय, जिलाध्यक्ष रविंद्र यती, पार्षद ब्रजुला सचान, मंडल अध्यक्ष सोनू पालीवाल सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे .



# सड़कों पर बैठी मवेशियों को गौशाला भिजवाएं

## सकल हिंदू समाज ने उदयपुरा तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा

**उदयपुरा, 27 अक्टूबर. रविवार रात्रि में टोल के पास एक ट्रक ने सात गायों को रौंद दिया था, जिससे दो की मौत हो गई थी और पांच गायें घायल हो गईं.**

इस हादसे के बाद सोमवार को सकल हिंदू समाज ने एकत्रित होकर तहसीलदार दिनेश बरगले को गौमाता की दुर्दशा को लेकर ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में मांग की है कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर समुचित लाइट की व्यवस्था की जाए, सड़कों पर बैठे गोवंश को आसपास की गौशालाओं में भेजा जाए, सर्विस रोड से निकलने वाले भारी वाहनों को प्रतिबंधित किया जाए इन्हीं मांगों को लेकर सकल हिंदू समाज ज्ञापन सौंप कर कहा है कि जल्द सभी मांगों पर कार्रवाई की जाए.

गौरतलब है कि रविवार रात्रि में टोल के पास एक ट्रक ने सात गायों को रौंदा था, जिसमें दो गायों की मौके पर ही मौत हो गई थी और तीन गायों को क्षिकरा गौशाला में और दो गायों को पचामा गौशाला में भेजा गया है.

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने लिया स्वदेशी का संकल्प

## आत्मनिर्भर भारत- हर घर स्वदेशी अभियान

**सिलवानी/ साईंखेड़ा, 27 अक्टूबर. आत्मनिर्भर भारत एवं हर घर स्वदेशी, घर घर स्वदेशी अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री संदीप शर्मा ने ग्राम साईखेड़ा के पोलिंग केंद्र क्रमांक 204, 205, 206 एवं 207 पर पहुँचकर स्वदेशी अभियान में सहभागिता की.**



इस अवसर पर पं.अखिलेश शर्मा बूथ प्रभारी, देवेंद्र साहू बूथ अध्यक्ष, ठाकुर भगवान सिंह, नंदकिशोर साहू बूथ अध्यक्ष, मिथलेश राय तथा अखिलेश साहू बूथ अध्यक्ष सहित अनेक युवा कार्यकर्ता की उपस्थिति रही. अभियान के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्वदेशी वस्तुओं के प्रयोग को बढ़ावा देने और स्थानीय उत्पादों के उपयोग से देश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने का संकल्प लिया.

उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों के उपयोग से न केवल आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार किया जा सकता है, बल्कि ग्रामीण स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़ाए जा सकते हैं. भाजपा कार्यकर्ताओं ने ग्रामवासियों से अपील की कि वे दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं को अपनाकर देश की प्रगति में योगदान दें.

**कलश यात्रा निकाली** ▸ विजयासन माता मंदिर में हो रहा धार्मिक आयोजन

# भक्ति के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**सिलवानी, 27 अक्टूबर. नगर के यादव परिवार द्वारा कार्तिक मास के पावन अवसर पर नगर में भक्ति और आस्था का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ आरंभ हुआ. सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ. कलश यात्रा का प्रारंभ नगर स्थित प्रसिद्ध मां विजयासन माता मंदिर से विधिवत पूजन-अर्चन के पश्चात किया गया.**



माताओं और बहनों ने पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित होकर अपने सिर पर मंगल कलश धारण किया, वहीं नगर के पुरुष वर्ग ने भगवा ध्वज थामकर भक्ति और एकता का संदेश दिया. भक्ति रस से ओत-प्रोत यह यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर बजरंग चौराहा पहुंची. मार्ग में श्रद्धालुजनों ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया और 'जय श्रीराम', 'हरि बोल' के जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा.

श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन श्री अनगढ़ हनुमान मंदिर, बजरंग चौराहा, सिलवानी में किया जा रहा है. कथा वाचक संजय शास्त्री नगर खेड़ापति (सिलवानी वाले) के मुखारविंद से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से सायं 5 बजे तक संपन्न होगा. यह सात दिवसीय कथा महोत्सव 27 अक्टूबर सोमवार से आरंभ होकर 2 नवंबर रविवार तक चलेगा. आयोजकों यादव परिवार ने क्षेत्र के सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से निवेदन किया है कि सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने अवश्य पधारें.

# भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में साहू समाज को स्थान देने की मांग

## मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा ने जताया आक्रोश

**भोपाल, 27 अक्टूबर.भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी कुछ समय पहले ही प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल द्वारा घोषित की गई.**

भाजपा प्रदेश कार्यकारणी में साहू समाज के किसी भी व्यक्ति को स्थान न दिए जाने पर समाज में बहुत ही रोष प्रकट किया है, जबकि समाज के 80 से 90 प्रतिशत सामाजिक बंधु भारतीय जनता पार्टी के विचारों के साथ काम करते हैं, सिर्फ प्रदेश ही नहीं अपितु जिला कार्यकारिणी से लेकर मंडल तक में उचित स्थान न मिलने के कारण समाज के लोगों मे भारतीय जनता पार्टी के प्रति रोष है.

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवाल से मध्य प्रदेश तैलिक साहू सभा के अध्यक्ष ताराचंद साहू , कार्यवाहक अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू,अनिल साहू अकेला ,रमेश के साहू इटारसी, डॉक्टर हेमराज साहू , हरिशंकर साहू , रमेश साहू बैरसिया, आदि ने अनुरोध किया हैं कि साहू समाज के अधिकांश लोग भारतीय जनता पार्टी को समर्थन करते हैं और इसके बाद भी भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी में साहू समाज के किसी भी व्यक्ति को पदाधिकारी नहीं बनाया जाना निराशाजनक हैं. समाज के पदाधिकारियों ने भाजपा प्रदेश संगठन मे समाज को उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की है.